ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 36

पहलगाम हमले के दो और आए:आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से 1000 भारतीय लौटे; 800 पाकिस्तानियों ने भारत छोड़ा



पहलगाम हमले को सोमवार को 6 दिन हो गए हैं। दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक हलचल नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग हुई।

आतंकी हमले के दो और वीडियो सामने आए हैं। इसमें फायरिंग की आवाज सुनाई दे रही हैं। लोग बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। एक युवक गिरते दिख रहा है। दूसरे में फायरिंग के दौरान पर्यटक बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। ये दोनों वीडियो नीचे ब्लॉग में जाकर देख सकते हैं।

चीन की तरफ से पहलगाम हमले को लेकर बयान आया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं, दोनों देश मतभेदों को बातचीत से सुलझाएं। वहीं, न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, बीते 6 दिन में एक हजार भारतीय वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान से भारत लौट चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान गए भारतीयों को अपने यात्रा समय को कम करने के लिए कहा गया था। इसी तरह सोमवार (28 अप्रैल तक) 800 पाकिस्तानी भारत से जा चुके हैं।

पहलगाम अटैक की रिपोर्टिंग को लेकर केंद्र ने 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं।

केंद्र ने BBC को चेतावनी। दरअसल, पहलगाम हमले की रिपोर्टिंग के दौरान BBC आतंकवादियों को उग्रवादी बता रहा था। सरकार ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद की है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 ठिकानों पर रेड की है। सूत्रों ने बताया कि ये रेड उन आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले (PoK) से ऑपरेट कर रहे हैं और इनके लिंक पहलगाम अटैक से जुड़े हैं।

राष्ट्रीय जनता दल (RJD) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) ने पहलगाम हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। RJD सांसद मनोज झा ने पीएम नरेंद्र मोदी और CPI राज्यसभा सांसद पी संतोष कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है।

IDBI बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 26% बढ़ा:कमाई सालाना आधार पर 15% बढ़कर 39,958 करोड़ रही, 2.10 प्रति शेयर डिविडेंड देगा बैंक



24 न्यूज अपडेट

जनवरी से मार्च 2025 तक IDBI बैंक ने कुल 9,035 करोड़ की कमाई की। इस कमाई में से बैंक ने 5,840 करोड़ रुपए कर्मचारियों की सैलरी, बिजली बिल, डिपॉजिट जैसे कामों में खर्च किए।

इसके बाद बैंक के पास 2,051 करोड़ रुपए मुनाफा के रूप में बचा। एक साल पहले की समान अवधि में बैंक को 1,628 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। सालाना आधार यह 26% बढ़ा है।

क्या नतीजे उम्मीद से अच्छे हैं?

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर रहा है, यानी बैंक ने इस बार बेहतर काम किया है।

नतीजों में आम आदमी के लिए क्या?

बैंक ने अपने शेयरधारकों के लिए प्रति शेयर 2.10 रुपए डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरधारकों को देती हैं, इसे डिविडेंड या लाभांश कहा जाता है।

सिद्धारमैया ने ASP को थप्पड़ मारने की कोशिश की:बेलगावी में एक रैली की घटना



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को बेलगावी में एक रैली के दौरान असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ASP) को थप्पड़ मारने की कोशिश की।

दरअसल, सिद्धरमैया जैसे ही भाषण देने के लिए उठे मंच के पास भाजपा की कुछ महिला कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने लगीं। इससे वे नाराज हो गए और सुरक्षा में तैनात ASP नारायण भरमनी पर भड़क उठे।

मामले का वीडियो भी वायरल हो रहा है। नाराज CM ने मंच से ही ASP से कहा- आप जो भी हैं, यहां आएं। जब ASP भरमनी मंच पर पहुंचे तो CM ने उनसे पूछा आप क्या कर रहे थे।

इसके बाद CM ने थप्पड़ मारने के लिए अपना हाथ उठा दिया। ASP भरमनी कुछ पीछे हटे तो सिद्धारमैया रुक गए।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त:कहा- ये गंभीर मुद्दा, सरकार एक्शन ले; केंद्र बोला- नए नियमों पर काम जारी



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 OTT-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि OTT और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से OTT और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

गुजरात में 1700 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में:राजस्थान से 109 पाकिस्तानियों को वापस भेजा गया, पाकिस्तान से 850 भारतीय वापस



कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पूरे देश में आक्रोश है। इस हमले के जवाब में केंद्र सरकार ने सख्त फैसला लिया है। सरकार ने कहा है कि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकाला जाएगा। वहीं, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए हैं। जबकि इलाज के लिए मेडिकल वीजा पर आए नागरिकों के लिए अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। इसके बाद उनका रहना अवैध माना जाएगा।

इस आदेश के बाद सभी राज्यों की इंटेलिजेंस एजेंसी एक्टिव हो गई हैं और सभी राज्यों में पाकिस्तानी-बांग्लादेशियों की धड़पकड़ जारी है। अमृतसर के अटारी बॉर्डर से रविवार शाम तक 537 पाकिस्तानी वापस जा चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान से 850 भारतीय वापस आ चुके हैं। गुजरात में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है। राज्य में तीन दिन में 1700 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में लिए जा चुके हैं।

राजस्थान से अब तक 109 पाकिस्तानियों को वापस भेजा गया

राजस्थान से अब तक 109 पाक नागरिकों को अटारी बार्डर से पाकिस्तान भेजा जा चुका है। अधिकतर पाक नागरिक जैसमेर, बाड़मेर और जोधपुर इलाकों में रहते हैं। वहीं, बाड़मेर आया 18 लोगों का हिंदू परिवार भी है, जो वापस नहीं लौटना चाहता।

शनिवार को परिवार की 6 महिलाएं, 5 बच्चे और 7 पुरुष सीआईडी ऑफिस पहुंचे। परिवार ने कहा कि हमारा 45 दिन का वीजा है, लेकिन हम वापस नहीं लौटना चाहते हैं। हमारे पास जो कुछ था, उसे वहीं देकर यहां आए हैं। उन्होंने गुहार लगाई कि हमें वापस मत भेजिए, यहीं रहने दीजिए। बच्चे भी अब यही रहना चाहते हैं। भारत अच्छा है।

गुजरात में 1700 से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद गुजरात पुलिस ने घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को अहमदाबाद से 890 और सूरत से 134 लोगों को हिरासत में लिया गया था।

अब अन्य शहरों में भी कार्रवाई हो रही है। रविवार को वलसाड से 383 और वडोदरा से 300 संदिग्ध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया है। राजकोट में भी टीमें छापेमारी कर रही हैं।

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच 10% तक चढ़े डिफेंस शेयर:HAL और भारत डायनामिक्स का शेयर 5% बढ़ा; कोचीन शिपयार्ड में 7% की तेजी रही



24 न्यूज अपडेट

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की आशंका के चलते डिफेंस कंपनियों के शेयरों में बड़ा उछाल देखने को मिला। सोमवार को पारस डिफेंस, गार्डन रीच शिप बिल्डर्स (GRSE), HAL, भारत डायनामिक्स (BDL) जैसी डिफेंस कंपनियों के शेयरों में 10% उछाल रहा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि कि सरकार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठा सकती है।

इससे मिसाइल, ड्रोन और नेवल इक्विपमेंट जैसे रक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ने की उम्मीद है। इसके कारण डिफेंस स्टॉक्स में खरीदारी की जा रही है। इसके साथ ही आज भारत फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन होगी।

पारस डिफेंस और GRSE के शेयर 10% तक चढ़े

डिफेंस स्टॉक्स में पारस डिफेंस में सबसे ज्यादा 10% की तेजी देखने को मिली। इसके बाद HAL का शेयर 5.57% और BDL का शेयर 5.42% की तेजी के साथ बंद हुआ।

भारतीय नौसेना के एंटी-शिप मिसाइल टेस्ट सफल होने के बाद कोचीन शिपयार्ड का शेयर 6.10% बढ़ा। वहीं मझगांव डॉक 4.77% और गार्डन रीच शिप बिल्डर्स GRSE 8.11% की बढ़ोतरी के साथ बंद हुए।

आज फ्रांस के साथ 26 राफेल मरीन विमानों की डील

इसके साथ ही आज भारत फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई। दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच यह डील साइन की जाएगी। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा।

सीपरी की रिपोर्ट-भारत का मिलिट्री खर्च 7.19 लाख करोड़:2024 में यह 1.6% बढ़ा; यह पाकिस्तान से 9 गुना ज्यादा



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) का कहना है कि 2024 में दुनिया के पांचवे सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6% बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रहा।

सोमवार को जारी 'ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर 2024' रिपोर्ट के मुताबिक भारत अपनी सेना पर पाकिस्तान से 9 गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सैन्य खर्च करने वाले दुनिया के टॉप 5 देश अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत हैं। इन पांचों का कुल सैन्य खर्च 1635 बिलियन डॉलर यानी 136.52 लाख करोड़ है।

रिपोर्ट में इन देशों के सैन्य खर्चों का जिक्र

चीन का सैन्य व्यय 7.0% बढ़कर अनुमानित 314 बिलियन डॉलर हो गया, जो लगातार तीन दशकों की बढ़ोतरी दिखाता है।

रूस का सैन्य व्यय 2024 में अनुमानित 149 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह रूस की GDP का 7.1% और रूसी सरकार के सभी व्यय का 19% है।

यूक्रेन का कुल सैन्य व्यय 2.9% बढ़कर 64.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो रूस के खर्च का 43% है। GDP के 34% हिस्से के साथ, यूक्रेन पर 2024 में किसी भी देश का सबसे बड़ा सैन्य बोझ था।

पाकिस्तान की परमाणु धमकी पर ओवैसी का कड़ा जवाब:मासूमों की हत्या करोगे तो चुप नहीं बैठेंगे, हमारा मिलिट्री बजट तुम्हारे देश से ज्यादा



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा- पाकिस्तान खुद को न्यूक्लियर पावर बताता है। उनके नेता परमाणु युद्ध की धमकी दे रहे हैं, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि अगर किसी देश में घुसकर मासूम लोगों को मारेंगे तो कोई खामोश नहीं बैठने वाला है। जवाब मिलेगा।

ओवैसी ने आगे कहा- चाहे सरकार किसी की भी हो। इस तरह से आकर हमारे भारत की सरजमी पर हमला करना। धर्म पूछकर गोली मारना जायज नहीं है, तुमने ISIS जैसा काम किया है। पाकिस्तान भारत से समय में आधे घंटे नहीं बल्कि आधी सदी पीछे है। हमारा मिलिट्री बजट तुम्हारे देश के बजट से ज्यादा है।

दरअसल, ओवैसी का यह बयान पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी के भारत को परमाणु हमले की धमकी के बाद आया है। अब्बासी ने कहा था कि हमने शाहीन, गोरी और गजनवी जैसी 130 मिसाइल भारत के लिए रखी हैं। अगर भारत सिंधु जल संधि को रोकता है, तो हम उसकी सांसें रोक देंगे। भारत को युद्ध के लिए तैयार रहना होगा।

सोना 523 कम होकर 95,108 पर आया:चांदी 1,258 गिरकर 96,426 किलो बिक रही, कैरेट के हिसाब से देखें सोने की कीमत



24 न्यूज अपडेट

आज यानी 28 अप्रैल को सोने और चांदी में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 523 कम होकर 95,108 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 95,631 थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,258 गिरकर 96,426 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,684 प्रति किलो था। वहीं सोने ने 21 अप्रैल को 1 लाख का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

संपादकीय : कबूल नाकबूल

जब भी भारत में कोई आतंकी हमला होता है, तो पाकिस्तान हमेशा उसमें अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। यहां तक कि मुंबई बम धमाके जैसे जिन बड़े मामलों में उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, उनमें भी वह अपने नागरिकों के शामिल होने से इनकार करता रहा है। वही रुख उसने पहलगाम हमले पर अपना रखा है। हालांकि एक साक्षात्कार में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कबूल किया है कि पाकिस्तान में दहशतगर्दी को पोसने में पश्चिमी देशों का हाथ रहा है। वही इन संगठनों का वित्तपोषण करते रहे हैं। ये आतंकी संगठन दशकों से पश्चिम के लिए 'गंदा काम' कर रहे हैं। पाकिस्तान से यह गलती हुई कि उसने इसे रोका नहीं, जिसका खमियाजा उसे भुगतना पड़ा है। पहली नजर में यह बयान आसिफ की साफगोई लग सकती है, मगर फिर वही पुराना सवाल कि आखिर पाकिस्तान ने आतंकवाद के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल क्यों होने दिया और लगातार होने दे रहा है। अब जब भारत ने उस पर शिकंजा कसना शुरू किया है, तो अपने यहां पल रहे दहशतगर्दों को पश्चिम की पैदावार बता कर वह पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है। मगर उसी बातचीत में आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा का वजूद ही नहीं है, फिर उसकी शाखा कहां से पैदा हो सकती है। आतंकी संगठनों के पाकिस्तान में पनपने के पीछे आसिफ ने पहले की सरकारों को दोषी ठहराया। मगर सवाल है कि उनकी सरकार ने इन संगठनों को नेस्तनाबूद करने की कितनी कोशिश की। ये वहां के रक्षामंत्री हैं और उन्हें इस बात से अनजान नहीं माना जा सकता कि उनकी सेना और खुफिया एजंसी भारत के खिलाफ छद्म युद्ध में इन्हीं आतंकियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करती है। क्या रक्षामंत्री के नाते उन्होंने कभी सेना पर ऐसा न करने का दबाव बनाया। क्या वे उन सबूतों को मिटा सकते हैं, जिनमें सीमा पर आतंकी प्रशिक्षण केंद्र चलाने के तथ्य मौजूद हैं। दुनिया के अनेक देश मानते हैं कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सबसे बड़ी पनाहगाह बन चुका है। वैश्विक आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान में आतंकवाद की दर तेजी से बढ़ी है। क्या आसिफ को इस बात की जानकारी नहीं कि कंधार कांड से जुड़े आतंकी उनकी ही सरजमीन पर रहते हैं और खुलेआम घूमते हैं ? उनको पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा मिली हुई है। केवल यह कह देने से कि लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तान में वजूद नहीं है, यह बात सच नहीं हो जाती । यह पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान दहशतगर्दी के मामले में अपने को पाक-साफ साबित करने की कोशिश कर रहा है। मगर उसकी असलियत किसी से छिपी नहीं है। वर्षों से उसकी अर्थव्यवस्था दूसरे देशों की इमदाद से चल रही है। फिलहाल उसने चीन का दामन पकड़ रखा है और उसी के सहारे उसकी दाल-रोटी चल पा रही है। पर वास्तव में वह दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है। वहां इस कदर गुरबत है कि लोग आटे-दाल के लिए लूट-खसोट पर उतरते देखे जाते हैं मगर ऐसे हालात में भी तुर्रा यह कि अपने यहां जड़ें जमाए आतंकवाद को खत्म कर तरक्की के रास्ते तलाशने के बजाय वह भारत से दो-दो हाथ करने का दम भरता है। इस रवैए के साथ पाकिस्तान और बदहाली की ओर ही बढ़ेगा।

अपराध की गति

देश की राजधानी होने के नाते उम्मीद होती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की तस्वीर बाकी जगहों के मुकाबले बेहतर होगी और यहां अपराध की दर कम होगी। लेकिन दिल्ली में आज मामूली से लेकर जघन्य अपराधों तक की जैसी तस्वीर दिख रही है, उससे स्पष्ट है कि कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर यहां बहुस्तरीय कमियां हैं। विचित्र है कि अपराधों की दर पर सवाल उठने पर दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच जिम्मेदारियों को एक दूसरे पर थोपने की कोशिश होने लगती है और इस तरह समस्या पर काबू पाने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती। जबकि किसी भी समस्या के हल के लिए सबसे पहले उसकी हकीकत और उसमें अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। अब केंद्र सरकार ने यह माना है कि दिल्ली में अपराध की स्थिति चिंताजनक है और इससे निपटने के लिए अदालती सुनवाई में तेजी लाने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को इस स्थिति से अवगत कराया कि दिल्ली में पंचानबे खूंखार सक्रिय गिरोहों की पहचान की गई है। पिछले दस वर्षों में पांच हजार दो सौ से ज्यादा अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें हत्या, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी और जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। सवाल है कि अगर केंद्र सरकार को समस्या और उसके स्वरूप के बारे में पूरी जानकारी है तो उस पर काबू पाने के लिए उपाय निकालने की जिम्मेदारी किसकी है। दिल्ली की कानून व्यवस्था और पुलिस महकमे की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास है। ऐसे में जवाबदेही से बचने वा आरोप-प्रत्यारोप के बजाय जरूरत इस बात है कि अपराधियों के बीच खौफ पैदा करने के लिए पुलिस प्रशासन को सक्रिय और चौकस रखना सुनिश्चित करने के समांतर ही शासन के अन्य मोर्चों पर ठोस सुधार किए जाएं, ताकि समाज में आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाई जा सके। इसमें दर्ज अपराधों की अदालत में सुनवाई में तेजी एक जरूरी पहलू है। मुकदमों के अत्यधिक बोझ की वजह से ज्यादातर मामलों की सुनवाई में देरी होती है। जाहिर है, कानून और व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी जवाबदेही के साथ-साथ इस समस्या के लिए समर्पित न्यायालय परिसरों की जरूरत है, ताकि सुरक्षा उपायों पर बेहतर नियंत्रण और त्वरित सुनवाई में मदद मिल सके।

पाकिस्तान के खिलाफ फूटा गुस्सा, करणी सेना ने कलक्टरी पर किया प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उदयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से जिला कलक्टरी के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। सेना के कार्यकर्ताओं ने जिला कलक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत की शांति और संप्रभुता पर हमला कर रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। युवा अध्यक्ष अर्जुन सिंह चुंडावत ने कहा, "अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी हरकतों का करारा जवाब दिया जाए। देश की जनता पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से आक्रोशित है। सरकार को कठोर कदम उठाकर देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।"

बांसवाड़ा में दर्दनाक हादसा: निर्माणाधीन मकान में खेलते समय सीमेंट के कट्टों के नीचे दबे दो मासूम, अस्पताल में तोड़ा दम



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा जिले के दानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। निर्माणाधीन मकान में खेलते समय सीमेंट के कट्टों के नीचे दबने से दो मासूमों की मौत हो गई। परिजन तत्काल बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

खेलते समय हादसे का शिकार हुए मासूम

दानपुर थाने के प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि हादसा छायन बड़ी ग्राम पंचायत के कदवाली गांव में दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मृतकों की पहचान विक्रम (9) पुत्र गोपाल राणा और शीतल (9) पुत्री कनेश निनामा के रूप में हुई है। दोनों आपस में पड़ोसी थे और घर के पास ही निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में खेल रहे थे।

सीमेंट के कट्टे गिरते ही मचा हड़कंप

जानकारी के अनुसार, खेलते समय कमरे में रखे 3-4 सीमेंट के कट्टे अचानक बच्चों पर गिर गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर परिजन मौके पर दौड़े और बच्चों को तुरंत कट्टों के नीचे से निकालकर महात्मा गांधी अस्पताल, बांसवाड़ा लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

गांव में छाया मातम

हादसे की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। विक्रम और शीतल के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुःख जताया।

डूंगरपुर में साइबर अपराध के सरगना को पुलिस ने दबोचा: ई-मित्र संचालक से 11 लाख की ठगी, तीन साथी पहले ही पकड़े गए



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने एक सनसनीखेज साइबर ठगी मामले में मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। इस शातिर अपराधी, प्रदीप कलाल, पर एक स्थानीय ई-मित्र संचालक से 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन अन्य संलिप्त अपराधियों को हिरासत में ले लिया था, और अब इस चौथे आरोपी की गिरफ्तारी से जांच में नया मोड़ आया है। मामला तब सामने आया जब बिलडी गांव के निवासी अनिल कलाल ने 8 जनवरी को साइबर थाने में शिकायत दर्ज की। अनिल ने अपनी शिकायत में खुलासा किया कि उनके चचेरे भाई, भावेश कलाल, ने कर्ज की राशि के नाम पर उनके बैंक खाते में 11 लाख रुपये जमा करवाए। इस लेनदेन के तुरंत बाद, बैंक ने संदिग्ध गतिविधियों का हवाला देते हुए अनिल का खाता फ्रीज कर दिया, जिससे वे आर्थिक संकट में फंस गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में पहले तीन आरोपियों—भावेश कलाल, विजेश कलाल और दीक्षित कलाल—को गिरफ्तार किया था। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने कई चौंकाने वाली चीजें बरामद कीं, जिनमें एक आलीशान कार, 34 डेबिट कार्ड, 12 सिम कार्ड, 6 स्मार्टफोन, और चार बैंक पासबुक शामिल हैं। इसके अलावा, विदेशी ब्रांड के इत्र, महंगी कलाई घड़ियां, और एक हुक्का भी जब्त किया गया, जो इनके ऐशोआराम की जिंदगी की ओर इशारा करता है। साइबर थाने के प्रभारी, गिरधारी सिंह, ने बताया कि गहन पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि यह गिरोह देशभर में साइबर अपराधों का जाल बिछा चुका था। ये अपराधी डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम, फर्जी नौकरी के प्रस्ताव, और साइबर धमकियों जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। गिरफ्तार मुख्य आरोपी, प्रदीप कलाल, ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट से अस्थायी राहत हासिल कर रखी थी, लेकिन पुलिस ने अंततः उसे पकड़ने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस अब प्रदीप से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस साइबर अपराध नेटवर्क के अन्य संभावित सदस्यों और पीड़ितों का पता लगाया जा सके। इस गिरफ्तारी को साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है, और पुलिस का कहना है कि वे इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए अपनी कार्रवाई को और तेज करेंगे।

डॉ. कर्नाटक आईएयूए के नये अध्यक्ष



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रेल। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ (आईएयूए) का अध्यक्ष बनाया गया है।

संघ के कार्यकारी सचिव डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि डॉ. कर्नाटक पहले ही संघ के उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित है, लेकिन अब नई कार्यकारी समिति के गठन तक आईएयूए के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। उनका कार्यकाल समिति के गठन तक या कुलपति एमपीयूएटी/ उपाध्यक्ष आईएयूए के रूप में कार्यकाल पूरा होने तक रहेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. कर्नाटक जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति का भी अतिरिक्त प्रभार देख रहे हैं। भारतीय कृषि विश्वविधालय संघ का मुख्यालय पूसा परिसर, नई दिल्ली में स्थित है। अबतक कामधेनु विश्वविद्यालय, गांधीनगर के कुलपति डॉ. एन. एच. केलावाला अध्यक्ष थे, जिनका कार्यकाल 25 अप्रैल 2025 को पूर्ण हो चुका है।

तृप्ति मांदलिया ओर सोनम महावर को विद्यावाचस्पति (पी.एच.डी.)


24 न्यूज अपडेट

तृप्ति मांदलिया को विथानिया सोम्नीफेरा (एल.) डुनल के जीन प्रारूपों में आणविक विविधता और मेटाबोलोमिक विश्लेषण पर एवं सोनम महावर को पारंपरिक जैविक खादों का मेटाजीनोमिक और मेटाबोलॉमिक विश्लेषण और उनसे पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले शक्तिशाली जीवाणु के अलगाव और फेनेटिक चरित्र चित्रण पर आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय की ओर से विद्यावाचस्पति की उपाधि आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विषय में प्रदान की गयी। तृप्ति मांदलिया ओर सोनम महावर ने अनुसंधान कार्य डॉ. देवेंद्र जैन, सहायक आचार्य आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान कृषि महाविद्यालय के निर्देषन में पूर्ण किया।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -

desk24newsupdate@gmai.com

राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिए वक्तव्यों पर भड़का गुस्सा, तत्काल कार्रवाई की मांग



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ
राजस्थान (उच्च शिक्षा)

अध्यक्ष
प्रो. मनोज कुमार बहरवाल
(मो.) 94147 85558

महामंत्री
प्रो. रिछपाल सिंह
(मो.) 9414 350140

क्रमांक एचीआरएसएम (उ.शि)2024-25/277 दिनांक 28.04.2025

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ की राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्र एवं संस्कृति विरोधी वक्तव्यों पर गहरा विरोध एवं त्वरित कार्यवाही की मांग

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल एवं महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी कर दिनांक 27 अप्रैल 2025 को राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान व्यक्त किए गए अर्वन नक्सली विचारों, राष्ट्रविरोधी एवं संस्कृति विरोधी वक्तव्यों पर गहरी आपत्ति और आक्रोश व्यक्त किया है।

महासंघ ने इस बात की कठोर शब्दों में निंदा की है कि संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं ने भारतीय सनातन परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों एवं हमारे राष्ट्रीय मानबिंदुओं के विरुद्ध तिरस्कारपूर्ण, व्यंग्यात्मक एवं अमर्यादित टिप्पणियां कीं। भगवान श्रीराम एवं माता सीता के वनगमन प्रसंग जैसे गहन आस्था से जुड़े प्रसंग पर उपहास उड़ाना करोड़ों देशवासियों की धार्मिक भावनाओं का अपना है, जिसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस राजकीय महाविद्यालय को विद्या, संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण का केंद्र होना चाहिए, वही साहित्य के नाम पर समाज को दिग्भ्रमित करने एवं तोड़ने वाले विचारों का मंच बन गया। संगोष्ठी में जिन वक्ताओं को बुलाया गया, उनमें से अधिकांश समाज में विघटन फैलाने वाले, राष्ट्र विरोधी विचारों और टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थक के रूप में जाने जाते हैं। साहित्य की आड़ में ऐसे विघटनकारी विचारों का शासकीय मंच से प्रचार-प्रसार पूर्णतः अस्वीकार्य है।

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कुछ वक्ताओं द्वारा व्यक्त किए गए वक्तव्यों पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने गहरा विरोध जताया है। महासंघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल और महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं ने भारतीय सनातन परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय आस्थाओं के खिलाफ तिरस्कारपूर्ण, व्यंग्यात्मक और अमर्यादित टिप्पणियाँ कीं। महासंघ ने विशेष रूप से उस वक्तव्य पर आक्रोश व्यक्त किया जिसमें भगवान श्रीराम और माता सीता के वनगमन जैसे गहन आस्था से जुड़े धार्मिक प्रसंगों का उपहास उड़ाया गया था। महासंघ ने इसे देशवासियों की धार्मिक भावनाओं का घोर अपमान बताया और कहा कि ऐसा कृत्य किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। महासंघ ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ को विद्या, संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण का केंद्र होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यवश यह साहित्य के नाम पर समाज को दिग्भ्रमित करने और तोड़ने वाले विचारों का मंच बन गया। महासंघ ने यह भी कहा कि संगोष्ठी में जिन वक्ताओं को बुलाया गया था, वे समाज में विघटन फैलाने वाले और राष्ट्र विरोधी विचारों के समर्थक माने जाते हैं। महासंघ ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और महाविद्यालय प्रशासन की भूमिका और संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं की पृष्ठभूमि की गहन समीक्षा करने की अपील की है। इसके अलावा, महासंघ ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की भी मांग की है। प्रो. रिछपाल सिंह ने कहा, "साहित्य और शिक्षा का उद्देश्य समाज में एकता और अखंडता को बढ़ावा देना होना चाहिए, न कि समाज को तोड़ने और विभाजित करने वाले विचारों को बढ़ावा देना।" महासंघ ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। महासंघ ने उच्च शिक्षा मंत्रालय से भी इस मामले में त्वरित और सख्त कार्रवाई की अपील की है ताकि भविष्य में शिक्षा के संस्थानों को इस प्रकार के राष्ट्रविरोधी विचारों का मंच बनने से रोका जा सके।

संदिग्ध मावा-पनीर का भंडाफोड़, 800 किलो से ज्यादा माल जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में खाद्य सामग्री की शुद्धता को लेकर उदयपुर पुलिस जिला स्पेशल टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने नाकोड़ा एजेंसी, नवरत्न कॉम्प्लेक्स स्थित डेयरी और नवनिया गांव में संचालित एक फैक्ट्री पर एक साथ छापेमारी कर भारी मात्रा में मावा और पनीर जब्त किया। जानकारी के अनुसार, जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली थी कि शहर के बीचोंबीच स्थित नाकोड़ा एजेंसी में खराब मावा और पनीर की आपूर्ति की जा रही है। इस पर पुलिस ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देहली गेट क्षेत्र स्थित नाकोड़ा एजेंसी पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान एजेंसी के अंदर और एक लोडिंग वाहन में भरा हुआ मावा और पनीर बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में 800 किलो से अधिक मावा और पनीर जब्त किया गया है। मौके पर ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सामग्री की जांच कर सैंपल लिए गए। इसके अलावा नवरत्न कॉम्प्लेक्स में स्थित डेयरी और नवनिया गांव स्थित फैक्ट्री में भी कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में संदिग्ध पनीर और मावा बरामद हुआ है। दोनों स्थानों पर जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। अधिकारियों का कहना है कि जब्त किए गए माल की शुद्धता की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यदि खाद्य सामग्री मानकों पर खरा नहीं उतरती है, तो संबंधित एजेंसी और फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल बागडे की पंजाब के राज्यपाल कटारिया से मुलाकात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर संवाद किया। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल श्री बागडे ने पंजाब के राज्यपाल श्री कटारिया का भावभरा अभिनन्दन किया। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

श्रम दिवस पर सवैतनिक अवकाश घोषित

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। श्रम विभाग ने आगामी 1 मई, श्रम दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। श्रम आयुक्त पूजा पार्थ ने राज्य के सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक संस्थानों के नियोक्ताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंधकों से अपील की है कि वे श्रम दिवस पर अवकाश घोषित करें तथा इस दिन का पूर्ण वेतन श्रमिकों को भुगतान करें ताकि वे अपने साथियों और परिवार के साथ इस दिवस को उल्लासपूर्वक मना सकें।

पत्नी के निधन पर महेश जोशी को मिली चार दिन की राहत, 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को पत्नी के निधन के बाद विशेष अदालत से चार दिन की अंतरिम जमानत मिली है। सोमवार को जयपुर स्थित मणिपाल हॉस्पिटल में पत्नी कौशल जोशी का इलाज के दौरान निधन हो गया। इसी दिन महेश जोशी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रिमांड की अवधि पूरी हो रही थी। पेशी के बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था, लेकिन पत्नी के निधन की सूचना पर वकीलों ने तत्काल अंतरिम जमानत की अर्जी दी। अदालत ने मानवीय आधार पर चार दिन की राहत मंजूर की। दोपहर बाद महेश जोशी स्टेशन रोड स्थित अपने निवास पर पहुंचे। शाम साढ़े चार बजे चांदपोल मोक्षधाम में कौशल जोशी का अंतिम संस्कार किया गया। कौशल जोशी पिछले काफी समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। हाल ही में किडनी फेल होने और ब्रेन हेमरेज के चलते उन्हें मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले भी उनका लंबे समय तक एसएमएस हॉस्पिटल में उपचार चला था। सोमवार को उनके निधन की खबर से जोशी परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महेश जोशी से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी दुख जताया। महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय ने 24 अप्रैल को 900 करोड़ रुपये के जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में सामने आया कि श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी और श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर जलदाय विभाग से करोड़ों रुपये के टेंडर हासिल किए थे। श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी ने 68 में से 31 निविदाओं में एल-1 होकर 859.2 करोड़ रुपये के टेंडर लिए, वहीं श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी ने 169 निविदाओं में भाग लेकर 73 टेंडर जीतकर 120.25 करोड़ रुपये के अनुबंध हासिल किए। जांच में यह भी सामने आया कि ठेकेदारों ने कई जगहों पर पाइपलाइन डाली ही नहीं, फिर भी भुगतान लिया गया। कई स्थानों पर पुरानी पाइपलाइन को नया बताकर सरकारी धनराशि उठाई गई। चोरी की पाइपलाइन को नया बताकर लगाया गया और उसकी एवज में करोड़ों वसूले गए। आरोप है कि फर्जी कंपनियों को टेंडर देने में जलदाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत रही। ठेकेदारों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त था, जिससे घोटाला इतने बड़े पैमाने पर संभव हुआ। जल जीवन मिशन के इस घोटाले का खुलासा सबसे पहले एसीबी की जांच से हुआ था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर जांच तेज की। महेश जोशी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी भी हुई। 3 मई 2024 को सीबीआई ने भी इस मामले में केस दर्ज किया। ईडी ने अपनी जांच पूरी कर दस्तावेज एसीबी को सौंप दिए। महेश जोशी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अब भी जारी है और अंतरिम जमानत केवल मानवीय आधार पर स्वीकृत की गई है।

पाक नागरिकों के लिए नई गाइडलाइनः LTV धारक पाक नागरिकों को नहीं छोड़ना होगा भारत, पाकिस्तानी बहुओं को भी दी राहत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पाकिस्तान से भारत आए नागरिकों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। मौजूदा हालात के मद्देनजर पाकिस्तान के नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश के बाद अब तक यहीं रह रहे विस्थापितों में असमंजस की स्थिति को देखते हुए यह दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सीआईडी (एसएसबी) के विदेशी पंजीयन अधिकारी (FRO) ने इन दिशा-निर्देशों को समझाते हुए यह जानकारी दी कि लॉग टर्म वीजा (LTV) पर भारत में निवासरत पाक नागरिकों को देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। जिन नागरिकों का एलटीवी वैध है या जिन्हें अभी तक एलटीवी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है, उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गई है।

नई गाइडलाइन में मुख्य बिंदुः एलटीवी धारक पाक नागरिकों के लिए राहतः पाकिस्तान से भारत आए ऐसे नागरिक जो लॉग टर्म वीजा (LTV) पर भारत में निवासरत हैं, उन्हें भारत छोड़ने का आदेश नहीं दिया गया है। एलटीवी की वैधता समाप्त होने पर जरूरी कार्रवाईः जिन पाक नागरिकों का एलटीवी समाप्त हो चुका है, उन्हें अपनी एलटीवी एक्टेंशन करवानी होगी। इसके लिए वे विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

एलटीवी आवेदन की प्रक्रियाः

जिन पाक नागरिकों ने एलटीवी के लिए आवेदन किया है और उनके प्रकरण विचाराधीन हैं, उन्हें पाकिस्तान वापस नहीं भेजा जाएगा। एलटीवी आवेदन के लिए जल्द आवेदन करेंः जिन पाक नागरिकों ने अभी तक एलटीवी आवेदन नहीं किया है, उन्हें वैध दस्तावेजों के साथ जल्द से जल्द अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए और अपना पंजीकरण विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय में कराना चाहिए।

पासपोर्ट की वैधता समाप्त होने पर क्या करेंः जिन पाक नागरिकों के पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो चुकी है और जिन्होंने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, उन्हें विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय में अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए। भारतीय नागरिकता प्राप्त पाक नागरिकों के लिए निर्देशः जिन पाक नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्राप्त हो चुकी है, उन्हें अपना नागरिकता प्रमाण पत्र विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना चाहिए ताकि उनके रिकार्ड को अपडेट किया जा सके। **मुस्लिम महिलाओं की स्थितिः** जिन मुस्लिम महिलाओं ने भारतीय नागरिक से विवाह किया है और एलटीवी पर भारत में निवास कर रही हैं, उन्हें पाकिस्तान वापस जाने की आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए निर्देश, आमजन की परिवेदनाओं का हो त्वरित निस्तारण



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं को आत्मीयता के साथ सुना और अधिकारियों को परिवेदनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनना और उसका निस्तारण सुनिश्चित करना हमारी सरकार का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, राजस्व, मनरेगा, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित भी रहे। जनसुनवाई के दौरान जयपुर निवासी श्री रामसिंह राजोरिया ने मुख्यमंत्री को चावल के एक दाने पर उकेरी अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। श्री शर्मा ने श्री राजोरिया की माइक्रो आर्ट की प्रशंसा की। श्री राजोरिया ने सूक्ष्मतम हस्तलिखित श्री भगवत् गीता के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

पहलगाम हमले के बादः विधानसभा में मुख्यमंत्री अब्दुल्ला का भावुक संबोधन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नशेनल डेस्क। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम में हुए बर्बर हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का हृदय पीड़ा से भर आया। उन्होंने कहा, "एक मेजबान के नाते, मैं इन निर्दोषों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व लेता हूं। उन पीड़ित परिवारों के समक्ष मैं किस प्रकार क्षमा याचना करूं, मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं।" उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा, "यद्यपि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा का दायित्व निर्वाचित सरकार का नहीं है, फिर भी मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री के रूप में, मैंने इन पर्यटकों को आमंत्रित किया था। उन्हें सुरक्षित भेजना मेरा कर्तव्य था, जिसमें मैं विफल रहा।" उन्होंने उस असहनीय पीड़ा का वर्णन किया, "उन बच्चों को मैं क्या जवाब देता, जिन्होंने अपने पिता को लहूलुहान अवस्था में देखा? उस नवविवाहित नौसेना अधिकारी की विधवा को मैं क्या कहूं? उन पर्यटकों के प्रश्न का क्या उत्तर दूं, जिन्होंने पहली बार कश्मीर में छुट्टियां मनाने का निर्णय लिया था, और जिन्हें इस निर्णय का जीवन भर पश्चाताप रहेगा?" उमर अब्दुल्ला ने कहा, "कुछ दिनों पहले, जब हम इस सदन में बजट और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर रहे थे, तो हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि हमें इस प्रकार के दुखद क्षणों का सामना करना पड़ेगा। सदन के माननीय अध्यक्ष, आपके आसपास वे लोग बैठे हैं, जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है। हम सभी किसी न किसी रूप में इस हिंसा के शिकार हुए हैं। हम इस सदन से इस हमले की भर्त्सना करते हैं और 26 शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं।"

उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा, "माननीय अध्यक्ष, यह हमला केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह पहली बार नहीं है; हमने अमरनाथ यात्रा, डोडा के गांवों, कश्मीरी पंडितों और सिख बस्तियों पर भी हमले देखे हैं। 21 वर्षों के अंतराल के बाद, बैसरन में हुआ यह हमला निर्दोष नागरिकों पर सबसे बड़ा आक्रमण है। यह हमारे भविष्य की नहीं, बल्कि हमारे अतीत की कहानी है। अब यह प्रश्न उठता है कि अगला हमला कहां होगा। मेरे पास उन शोक संतप्त परिवारों से क्षमा मांगने के लिए शब्द नहीं हैं।"

कश्मीरियत पर आघात

विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव में इस आतंकी हमले को 'कश्मीरियत', देश की एकता, शांति और सद्भावना पर सीधा प्रहार बताया गया। विधानसभा ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके दुःख में सहभागी होने का संकल्प लिया। विधानसभा ने इस कठिन समय में जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा प्रदर्शित एकता, करुणा और साहस की सराहना की। प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया कि पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए और नागरिकों ने पर्यटकों का समर्थन किया।

कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा का आह्वान

विधानसभा ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कश्मीरी छात्रों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई का समर्थन

पहलगाम हमले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का यह पहला सार्वजनिक वक्तव्य था। यह विशेष विधानसभा सत्र विशेष रूप से पहलगाम नरसंहार में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था। इससे पहले, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने इस हमले के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। सत्र की शुरुआत में, विधानसभा सदस्यों ने 26 मृतकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। विधानसभा ने केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति (CCS) द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए गए कदमों का भी समर्थन किया। पर्यटकों को बचाने के प्रयास में शहीद हुए टट्टू चालक सैयद आदिल हुसैन शाह को भी श्रद्धांजलि दी गई।

जयपुर में प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा 1 से 7 मई तक , सात मंजिला पंडाल, 1.5 लाख श्रद्धालुओं की व्यवस्था, जर्मन तकनीक से गर्मी से राहत



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा 1 से 7 मई 2025 तक जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में शिव महापुराण की दिव्य कथा सुनाएंगे। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे शुरू होने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन के लिए शानदार इंतजाम किए गए हैं। कथा से एक दिन पहले, 30 अप्रैल को भवानी निकेतन से 21,000 महिलाएं भव्य कलश यात्रा निकालेंगी, जिस पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। आयोजन में अपार भीड़ की संभावना को देखते हुए 1.5 लाख लोगों के बैठने की क्षमता वाला विशाल पंडाल बनाया गया है। इसका मुख्य डोम सात मंजिल की ऊंचाई के बराबर है। पंडाल में उन्नत तकनीक से ठंडक सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 250 AI-संचालित कैमरे तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने और रोजाना 1 लाख लोगों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। विद्याधर नगर को इस अवसर पर नववधू की तरह सजाया गया है। सड़कों पर जगह-जगह रंग-बिरंगे स्वागत द्वार और सजावटी लाइटें लगाई गई हैं। 21 कुंडीय यज्ञ और भोजन की विशाल व्यवस्था यज्ञशाला का निर्माणः आयोजन समिति के सदस्य राजन शर्मा और अनिल संत ने बताया कि कथा स्थल पर तीन विशाल डोम बनाए गए हैं। मुख्य डोम, जो 108×108 फीट का है और सात मंजिल की ऊंचाई वाला है, श्री महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ के लिए तैयार किया गया है। दूसरा डोम शिव महारुद्र यज्ञ के लिए और तीसरा डोम भक्तों के भोजन व ठहरने के लिए बनाया गया है। 21 कुंडीय महायज्ञः कथा के साथ हर सुबह 9 बजे से 21 कुंडीय महामृत्युंजय यज्ञ होगा। अयोध्या के विद्वान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दिलवाएंगे। यज्ञ के लिए अयोध्या से सामग्री, हरिद्वार से एक टैंकर पवित्र जल, और देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों की मिट्टी मंगाकर यज्ञकुंड तैयार किया गया है।

भोजन व्यवस्थाः समिति के सदस्य पंकज गोयल ने बताया कि कथा स्थल के निकट भोजनशाला में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को प्रसाद के रूप में भोजन परोसा जाएगा। यह भोजन पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों पर बनेगा, जिसमें राजस्थानी व्यंजनों का विशेष स्वाद होगा। 500 रसोइयों की टीम हर दिन अलग-अलग व्यंजन तैयार करेगी। इसके लिए 500 क्विंटल आटा, 100 पीपे तेल, 30 बोरी चीनी, और सैकड़ों क्विंटल सब्जियों का इंतजाम किया गया है। हाई-टेक पंडाल से गर्मी पर नियंत्रण विद्याधर नगर स्टेडियम के पीछे 400×700 फीट के तीन और 60×600 फीट का एक पंडाल बनाया गया है, जो 1.5 लाख लोगों को समायोजित कर सकता है। आयोजन समिति के प्रदीप कविया ने बताया कि पंडाल को जर्मन जैक सिस्टम तकनीक से बनाया गया है, जो 80-100 किमी/घंटा की आंधी और बारिश का सामना कर सकता है। पंडाल की छत में यूवी-रिफ्लेक्टिव सामग्री का उपयोग हुआ है, जो तापमान को 5-6 डिग्री तक कम रखेगा। गर्मी से बचाव के लिए ऑटोमैटिक स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया गया है, जो हर 10 सेकंड में पानी की फुहार छोड़ता है। इसके लिए 200 टैंकर पानी की व्यवस्था की गई है, जिससे तापमान में 15-20 डिग्री की कमी आएगी।

आदियोगी की भव्य प्रतिमा वाला स्टेज

कथा के लिए 150×40 फीट का शानदार स्टेज तैयार किया गया है। स्टेज के केंद्र में आदियोगी शिव की विशाल प्रतिमा ध्यानमुद्रा में स्थापित है, जिसके चारों ओर पर्वतों जैसी सजावट की गई है। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और दृश्यात्मक आकर्षण का केंद्र होगा।

श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं

आयोजन स्थल पर 25,000 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। सीकर रोड के सभी होटल पहले ही बुक हो चुके हैं। कथा स्थल के आसपास 1,000 अस्थायी शौचालय बनाए गए हैं, जिनमें भारतीय और यूरोपीय शैली के टॉयलेट शामिल हैं। भोजनशाला के पास अतिरिक्त शौचालय और नगर निगम द्वारा मोबाइल टॉयलेट भी उपलब्ध होंगे।

10वीं-12वीं एग्जाम फॉर्म भरवाने के लिए नई एजेंसी की तलाशःतीन साल के लिए करेंगे हायर, टेंडर निकाला; सिलेक्शन कमेटी गठित



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से साल 2026 से 2028 तक की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरवाने के लिए नई एजेंसी की तलाश शुरू कर दी गई है। बोर्ड जुलाई में साल 2026 की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरवाएगा। बोर्ड की ओर से आमतौर पर तीन साल के लिए परीक्षा आवेदन पत्र के लिए एजेंसी हायर की जाती है। पिछली एजेंसी का कार्यकाल पूरा होने होने को देखते हुए यह कवायद की जा रही है। एजेंसी हायर करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। अब जो एजेंसी हायर की जाएगी। वह साल 2026, 2027 और 2028 की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाएगी। बोर्ड द्वारा इन तीन सालों के लिए करीब 75 लाख रुपए अनुमानित खर्चा बताया गया है।

सिलेक्शन कमेटी का गठन

एजेंसी का सिलेक्शन करने के लिए बोर्ड में एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में ओएसडी, एफए, सीसीई और निदेशक गोपनीय सहित विभिन्न अधिकारियों को शामिल किया गया है। इस कमेटी की मंजूरी के बाद ही एजेंसी का फाइनल होगा।

25 जुलाई से शुरू हुए थे पिछली बार आवेदन

बोर्ड की वर्ष 2025 की परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 25 जुलाई 2024 से शुरू हुई थी। सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ अंतिम तिथि 23 अगस्त 2024 निर्धारित थी जिसे बढ़ाकर 5 सितंबर किया गया। पिछली बार करीब 20 लाख स्टूडेंट्स ने आवेदन किए थे। इस बार भी आवेदन इसके आसपास ही रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस बार भी बोर्ड इसके आसपास ही यह प्रक्रिया शुरू करने वाला है।

मुम्बई सेंट्रल-खातीपुरा (जयपुर) - मुम्बई सेंट्रल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 09 ट्रिप का विस्तार

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। रेलवे द्वारा यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु मुम्बई सेंट्रल-खातीपुरा (जयपुर)- मुम्बई सेंट्रल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन में 09 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09001, मुम्बई सेंट्रल-खातीपुरा (जयपुर) त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 07.05.25 से 26.05.25 तक (09 ट्रिप) मुम्बई सेंट्रल से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शनिवार को मुम्बई सेंट्रल से 12.20 बजे रवाना होकर अगले दिन 16.40 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09002, खातीपुरा (जयपुर) -मुम्बई सेंट्रल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 08.05.25 से 27.05.25 तक (09 ट्रिप) खातीपुरा (जयपुर) से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार व रविवार को 18.40 बजे रवाना होकर अगले दिन 13.30 बजे मुम्बई सेंट्रल पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, फालना, रानी, मारवाड, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, कनकपुरा व गांधीनगर जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 04 सैकण्ड एसी, 10 थर्ड एसी, 02 पॉवरकार डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बे होगे।

4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट से वंचित गांवों को मिलने लगा मोबाइल कनेक्टिविटी व हाईस्पीट इंटरनेट का लाभ, सांसद ने सौंपी नेटवर्क समस्या वाले गांवों की सूची



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रेल। भारत संचार निगम लिमिटेड उदयपुर द्वारा गठित दूरसंचार सलाहकार समिति कीर प्रथम बैठक सोमवार को प्रधान महाप्रबंधक कार्यालय हिरण मगरी स्थित संचार भवन सभागार में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, जालौर सांसद लूंबा राम चौधरी तथा राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया की उपस्थिति में हुई।

उदयपुर दूरसंचार व्यवसाय क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक हरि प्रसाद मीणा ने सभी का स्वागत

करते हुए 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत जिन गांवों में अभी तक कोई भी नेटवर्क प्रदाता नहीं है वहां कुल 399 मोबाइल टावर लगाने का लक्ष्य था। इसमें से 281 मोबाइल 4 जी टावर लगा चुके हैं और चालू भी हो चुके हैं। शेष शीघ्र ही शुरू करने की कवायत चल रही। इस प्रोजेक्ट से सभी ग्रामीण इलाकों में मोबाइल कनेक्टिविटी और हाई स्पीड इंटरनेट का लाभ मिल सकेगा। श्री मीणा ने बताया कि पिछले फाइनेंशियल ईयर की अपेक्षा उदयपुर बिजनेस एरिया 8.43 प्रतिशत ईबीआईटीडीए ;ब्याज, कर, मूल्यहृास और परिशोधन से पहले की आयद्ध लाभ में रहा है। बिजनेस एरिया उत्तरोत्तर राजस्व अर्जन के क्षेत्र में प्रगति कर रहाहै।

सांसदों ने नेटवर्क समस्या से कराया अवगत

बैठक में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कुछ समस्याओं से अवगत कराया। इसमें उन्होंने बताया कि पंचायत समिति गिर्वा की ग्राम पंचायत पोपल्टी, पंचायत समिति वीरपुर का ग्राम अमरी तहसील गोगुंदा, पंचायत समिति छली का गांव बगदरा, रवादिया खुर्द, बगडुंडा के गांव अवाणी, मजाम पंचायत समिति गोगुंदा के साथ-साथ कुछ खेरवाड़ा लसाडिया और बड़गांव के गांवों में मोबाइल नेटवर्क संबंधी समस्याएं हैं।

राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने सभी मोबाइल नेटवर्क प्रदाता कंपनी से बीएसएनएल की तुलनात्मक स्थिति का जायजा लिया और बेहतर संचार सेवा प्रदान करने के सुझाव दिए।जालौर सांसद लुंबा राम चौधरी ने अवगत कराया कि उनके संसदीय क्षेत्र में कुछ स्थानों पर टावर लग चुके हैं किंतु कनेक्टिविटी मुहैया नहीं कराई गई है। इन टावरों की वर्तमान स्थिति से अवगत करने के साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायत में मोबाइल टावर लगवाने के संबंध में भी सूची उपलब्ध कराई। बैठक में दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य जयशंकर राव, बीएसएनएल की ओर से प्रधान महाप्रबंधक हरिप्रसाद मीणा, महेंद्र कुमार शर्मा, बांसवाड़ा के उपमहाप्रबंधक सुमित दोसी, एम बी पटेल, अशीष शाह, राजमल रेगर सहित सभी बीएसएनल अधिकारी उपस्थित थे।संचालन गिरिराज पालीवाल ने किया। आभार उपमहाप्रबंधक सुमित दोसी ने व्यक्त किया।

उदयपुर से चलने वाली ट्रेनों सहित अन्य रेलसेवाओं में डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी, यात्रियों को राहत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने 48 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 120 डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि खासतौर पर उदयपुर से संबंधित रेलगाड़ियों के साथ-साथ अन्य प्रमुख रेलमार्गों पर भी अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को अधिकतम सुविधा मिल सके। उदयपुर सिटी-जयपुर-उदयपुर सिटी रेलसेवा (12991/12992) में 1 मई से 31 मई 2025 तक 2 द्वितीय कुर्सीयान और 1 साधारण श्रेणी डिब्बे जोड़े जाएंगे। जयपुर-उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा (09721/09722) में भी जयपुर से 1 मई से 31 मई तथा उदयपुर सिटी से 2 मई से 1 जून तक 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार, उदयपुर सिटी-असारवा-उदयपुर सिटी रेलसेवा (20987/20988) में भी 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की बढ़ोतरी की जा रही है। उदयपुर सिटी के अलावा अन्य रेलमार्गों पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए डिब्बों में अस्थायी बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा (20473/20474) में दिल्ली सराय से 1 मई से 31 मई तक तथा उदयपुर सिटी से 2 मई से 1 जून तक 1 सैकंड एसी व 2 थर्ड एसी डिब्बों की बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा (22471/22472) में भी 1 सैकंड एसी और 2 थर्ड एसी डिब्बे बढ़ाए जाएंगे। बीकानेर-दादर-बीकानेर रेलसेवा (14707/14708) में द्वितीय शयनयान श्रेणी का 1 डिब्बा बढ़ाया जा रहा है। जयपुर-जोधपुर-जयपुर रेलसेवा (22977/22978) में 1 मई व 2 मई को 1 सैकंड एसी और 1 फर्स्ट मय सैकंड एसी डिब्बे बढ़ाए जाएंगे, जबकि 3 मई से 16 मई तक 1 सैकंड एसी व 1 थर्ड एसी डिब्बे लगाए जाएंगे। अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा (19611/19614 और 19613/19612) में अजमेर व अमृतसर से क्रमशः द्वितीय शयनयान श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए जा रहे हैं।

मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस

(19608/19607) में भी मई महीने में 1 सैकंड एसी डिब्बे की बढ़ोतरी की जाएगी। अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी (12065/12066) रेलसेवा में द्वितीय कुर्सीयान डिब्बा बढ़ाया जाएगा। जयपुर-दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा (19701/19702) में द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे जोड़े जाएंगे।

दिल्ली कैंट-बठिण्डा-दिल्ली कैंट रेलसेवा

(20409/20410), जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा (14801/14802), इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रेलसेवा (12465/12466) में भी द्वितीय शयनयान व साधारण श्रेणी के डिब्बे अस्थायी रूप से बढ़ाए जाएंगे। जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा (14854/14853) में 1 थर्ड एसी डिब्बे की अस्थायी बढ़ोतरी की जा रही है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अग्रिम टिकट बुक कराकर अतिरिक्त डिब्बों की सुविधा का लाभ उठाएं। यह सभी व्यवस्थाएं मई माह के दौरान सीमित अवधि के लिए की गई हैं ताकि यात्रियों को सुगम, सुविधाजनक एवं भीड़मुक्त यात्रा का अनुभव मिल सके।

विद्यालय विकास में मिसाल बनी पहल : प्रधानाचार्य शेर सिंह चौहान के प्रयासों से वेदांता समूह ने किया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उदयसागर चौराहा का कायाकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पंचायत समिति कुराबड़ क्षेत्र के अंतर्गत बिछड़ी ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उदयसागर चौराहा में नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने पर भामाशाह समारोह का आयोजन किया गया। वर्षों से विद्यालय भवन की दीवारों के क्षतिग्रस्त होने, छतों से पानी रिसने तथा प्लास्टर गिरने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे इस विद्यालय में किसी भी अनहोनी की संभावना बनी हुई थी। विद्यालय की जर्जर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानाध्यापक शेर सिंह चौहान ने सजग पहल करते हुए विद्यालय विकास हेतु अभियान प्रारंभ किया। चौहान के दूरदर्शी प्रयासों एवं नेतृत्व में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, देबारी के सहयोग से विद्यालय परिसर का व्यापक कायाकल्प कराया गया। इस पहल के अंतर्गत सम्पूर्ण भवन की मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत फिटिंग, चित्रकारी, प्रार्थना स्थल (डोम) सभागार निर्माण, बालक बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय, सभी कक्षों में पंखों, लाइटों की सुविधा सहित लगभग 50 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। इन प्रयासों से विद्यालय में एक प्रेरक, सुरक्षित एवं आधुनिक शिक्षण वातावरण का सृजन हुआ, जिसने न केवल विद्यार्थियों में नया उत्साह भरा, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र में सकारात्मक संदेश भी दिया। वेदांता समूह द्वारा ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत विद्यालय के जिर्णोद्धार में किए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, देबारी को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। समारोह में ज़िंक देबारी के हेड मुकेश कुमार, डिप्टी एचआर हेड सुश्री सुमन सौरव, सीएसआर हेड सुश्री अरुणा चीता, एडीपीसी समसा वीरेंद्र यादव, सीबीओ कुराबड़ दुर्गेश मेनारिया, सीबीओ देवेंद्र मेघवाल, हेड क्वालिटी सुश्री ज्योति प्रजापति, समाजसेवी नंदलाल वेद, पीईईओ सुश्री सुनीता बोरीवाल, उप सरपंच लोकेश पालीवाल, पूर्व सरपंच कमल सिंह, सरपंच पति धर्मचंद, शंभू सिंह झाला, विकास माथुर, पन्नालाल मेघवाल, सूरज जैन, शंकरलाल डांगी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

जिस महाविद्यालय ने शिक्षा, शिक्षण व उच्च पदों पर आसीन किया उसकी चिर स्मरणीय यादें लौट आई है - प्रो दरियाव सिंह चुंडावत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर महाराणा भूपाल कॉलेज पूर्व छात्र परिषद ने अपना मासिक स्नेह मिलन समारोह कालेज के विवेकानंद सभागार में मनाया ।कार्यक्रम में प्रोफेसर दरियाव सिंह चुंडावत पूर्व वाइस चेयरमैन, राजस्थान स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल मुख्य अतिथि, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चापलोत, श्री आर के चतुर विशिष्ट अतिथि, डॉ महीप भटनागर अध्यक्ष, सहित शांतिलाल भंडारी महासचिव एवं डॉक्टर आरके गर्ग सचिव मंचासीन रहे ।महासचिव शांतिलाल भंडारी ने सबका स्वागत करते हुए बताया कि इस वर्ष वार्षिक उत्सव 15 अगस्त के आसपास आयोजित होगा अतः सभी 80 व 90 वर्ष वाले सदस्य अपना जीवन वृत उपलब्ध करावें ताकि उनका प्रशस्ति पत्र तैयार किया जा सके । सचिव डॉ आरके गर्ग ने गत माह की मीटिंग का प्रतिवेदन पढ़कर अनुमोदित कराया । अप्रैल माह में जन्मे चंद्र सिंह मुणोत, प्रकाश तातेड़, रविकांत जोशी सहित नए सदस्यों का स्वागत किया गया ।अध्यक्ष प्रोफेसर में भटनागर में मुख्य अतिथि का परिचय सदन से कराया । प्रो दरियाव सिंह चुंडावत ने अपना उद्बोधन सरस्वती वंदना से शुरू करते हुए इसी महाविद्यालय मैं शिक्षा, शिक्षण, अधिष्ठाता पद, सूटा अध्यक्ष सहित जीवन के लंबे सफर की सुहानी यादो को साझा किया । शांतिलाल चपलोत ने शास्त्रों का वर्णन करते हुए कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वही देवताओं का वास होता है, कृष्ण भगवान ने कर्म के बात कही है तथा जननी जन्मभूमि महान है व हमें हमारी रक्षा स्वयं करनी चाहिए । आर के चतुर ने सिंधु जल समझौते का विस्तार से वर्णन किया । अन्य प्रस्तुतियों में डॉ शांतिलाल जैन, चंद्र सिंह जैन, डॉ बीएल चावत, शांति नागोरी, पुष्पा धाकड़, एमपी जैन, प्रमुख रहे । राष्ट्रगान व स्नेह भोज से कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने दी।

पिकनिक से लौटते समय भीलवाड़ा के युवकों की कार खाई में गिरी, एक की मौत, एक गंभीर घायल



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। खमनोर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिकनिक मनाकर लौट रहे भीलवाड़ा के युवकों की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य दो युवक मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-162 ई पर सरसुनिया गांव के पास हुआ। भीलवाड़ा निवासी गौरव सोनी (24) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अहमद गंभीर घायल हो गया। अहमद को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया। वहीं, चिराग और शिवम को हल्की चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीलवाड़ा के आठ युवक दो कारों में सवार होकर खमनोर क्षेत्र के एक पिकनिक स्थल पर घूमने आए थे। पिकनिक मनाकर लौटते समय उनकी एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और साथियों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को नाथद्वारा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने गौरव सोनी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अहमद का उदयपुर में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार तेज थी और मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुख्य वन संरक्षक ने लिया हथिनी के उपचार का जायजा, हाथिनी की हालत स्थिर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रेल। आवरी माता मन्दिर परिसर, सेन्ट्रल एरिया, रेतीस्टेण्ड़, उदयपुर मेंउपचाररत बीमार हथिनी रामू की हालत स्थिर बनी हुई है। मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एसआर यादव ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा टीम का हौंसला बढ़ाया। उप वन सरंक्षक वन्यजीव उदयपुर सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि हथिनी ''रामू'' को लगातार उपचार दिया जा रहा है। लगभग 50 लीटर ड्रिप से उसे फ्लूड़ थैरेपी के साथ आवश्यक दवाएं दी जा रही है व लगातार ड्रेसिंग कर के घावों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सीसीएफ वन् यजीव श्री यादव ने मौका पर पहुंच कर उपचार की जानकारी ली। वनतारा से आई टीम के हाथी विशेषज्ञ डॉ गोविन्द ने बताया कि हथिनी का इलाज एवं ड्रेसिंग लम्बे समय तक करनी पडेगी। वाईल्ड़ लाईफ एस.ओ.एस. के डॉ प्रमोद ने बताया कि घाव भरने के लिए लेज़र थैरेपी व साफ सफाई की विशेष महत्ता है। पशुपालन विभाग के डॉ कमेन्द्र ने बताया कि हथिनी को हर 36 घंटे में हाइड्रा की मदद से करवट बदलवाई जा रही है जिससे उस के बेड़ सोर नहीं हो। पशुपालन विभाग द्वारा गठित टीम सदस्य डॉ शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि हथिनी की स्थिति स्थिर है। वनकर्मी मौके पर तैनात हैं।

पेयजल उपलब्धता की बेहतर व्यवस्था बनाएं, अव्यवस्था और कौताही बर्दाश्त नहीं- जिला कलक्टर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रेल। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु जिला कलेक्टर नामित मेहता के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर मेहता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में आजमन हेतु पेयजल की बेहतर व्यवस्थाएं बनाएं, पेयजल संबंधित मामलों में अव्यवस्था और कौताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं है, आमजन पानी के लिए परेशान नहीं होने चाहिए क्योंकि पानी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

बंद पड़े हैंडपंप शीघ्र हो दुरुस्त

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के कंटीन्जेंसीज कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न ब्लॉक में बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी लेते हुए तथा सर्वे करते हुए उनका चिन्हीकरण करें तथा हर हाल में मई के पहले सप्ताह तक बंद पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त करवाएं। साथ ही जिन ब्लॉक में ट्यूबवेल की भी मरम्मत की आवश्यकता है वहां भी प्राथमिकता से कार्य हो। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता बरतें, आमजन को पेयजल से जुड़ी समस्याओं से राहत देने हेतु हर संभव प्रयास करें। सरकार पेयजल को लेकर गंभीर है ऐसे में जमीन स्तर पर अधिकारी संवेदनशीलता बरतें तथा राहत देने का हर संभव प्रयास करें।

जल जीवन मिशन कार्यों की प्रगति जानी

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर मेहता ने जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अपेक्षित प्रगति से पिछड़ रहे ब्लॉक में विशेष कार्ययोजना बनाकर प्रगति सुनिश्चित करें। विद्यालय तथा आंगनबाड़ियों में पेयजल कनेक्शन की स्थिति जानते हुए उन्होंने कहा कि यहां प्राथमिकता से कार्य हो। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्रों में भी पेयजल कनेक्शन की स्थिति जानी तथा निर्धारित टाइमलाइन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पीएचईडी अधीक्षण अभियंता रविन्द्र चौधरी,एक्सईएन ललित कुमार नागौरी समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

चांदी में निवेश के नाम पर 16.50 लाख की ठगी: ज्वेलरी गिरवी रख जुटाई रकम, परिचित ने धोखा दिया



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। चांदी में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर अरथूना निवासी एक युवक ने बांसवाड़ा शहर के युवक से 16.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। रकम लौटाने का झूठा भरोसा दिलाकर अंत में मुकर जाने पर पीड़ित ने राजतालाब थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गांधीमूर्ति क्षेत्र निवासी राजेश पुत्र रमणलाल माली ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि अरथूना निवासी संजय सोनी पुत्र मोहनलाल सोनी, जो चांदी के कारोबार से जुड़ा है, ने 9 जनवरी को उसके घर आकर चांदी में निवेश से जल्द लाभ होने का लालच दिया। इस भरोसे पर राजेश ने अपना पैतृक सोना और स्त्रीधन गिरवी रखकर 17.50 लाख रुपए जुटाए और कुलदीप सिंह पंवार की मौजूदगी में संजय को सौंप दिए।

समय पर चांदी नहीं दी, फिर बहाने बनाए

राजेश के अनुसार तय समय बीतने के बाद भी न तो चांदी मिली और न ही पैसे लौटाए गए। 28 मार्च को आरोपी संजय ने आकर असमर्थता जताई और एक लाख रुपए नकद लौटाते हुए शेष राशि के लिए लिखित समझौता किया। समझौते में 9 अप्रैल तक पांच लाख और एक माह में पूरी राशि लौटाने का वादा किया गया।

समझौते के बाद भी नहीं लौटी रकम

समय सीमा गुजरने के बाद भी न तो पैसे मिले, न ही चांदी। संजय लगातार बहाने बनाता रहा और फिर पूरी तरह हाथ खड़े कर दिए। आखिरकार राजेश ने ठगी की शिकायत दर्ज करवाई। एएसआई उदयसिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

नीट-युजी प्रवेश परीक्षा 4 को, उदयपुर में 27 केंद्रों पर होगी परीक्षा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रेल। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के तत्वावधान में नीट युजी-2025 परीक्षा आगामी 4 मई को देश भर में आयोजित होगी। परीक्षा के तहत उदयपुर जिले में 27 केंद्र बनाए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि उदयपुर जिले में नीट युजी परीक्षा सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से आयोजित कराने के लिए जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

फंदे से लटका मिला कक्षा 6 की छात्रा का शवःमामा के घर से 6 दिन से लापता थी 12 साल की नाबालिग, पिता ने मौत पर जताया शक



24 न्यूज अपडेट

12 साल की नाबालिग छात्रा का शव रविवार को फलोज गांव की पहाड़ियों में पेड़ पर लटका मिला। मामा के घर रहकर कक्षा 6 में पढ़ने वाली छात्रा 6 दिनों से गायब थी। परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। पिता ने बेटी की मौत पर शक जताया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। घटना डूंगरपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र की है।

दोवड़ा थाना पुलिस के अनुसार प्रकाश पुत्र मणिलाल भगोरा निवासी खजुरिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसकी बेटी डिम्पल (12) अपने मामा प्रकाश पुत्र नाथू परमार निवासी मसानिया के घर रहती थी। वहीं, मामा के घर से ही 6 कक्षा में पढ़ाई करती थी। 23 अप्रैल को डिम्पल बिना बताए ही घर से चली गई। जिस पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। 24 अप्रैल को पत्नी तुलसी ने डिम्पल के लापता होने की दोवड़ा थाने में रिपोर्ट दी थी। जिस पर पुलिस भी तलाश कर रही थी।

डिम्पल का शव रविवार शाम को फलोज गांव की पहाड़ियों पर बबूल के पेड़ से शव लटका हुआ मिला। डिम्पल ने दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। बेटी की मौत की खबर सुनकर अहमदाबाद गुजरात में मजदूरी करने गए पिता घर आ गए। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी ने रखवाया। जहां पिता ने बेटी की मौत पर जांच की मांग रखी। वहीं, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।